दिनांकः 07.07.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- केन्द्रीय खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने क्रिटिकल मिनरल्स के आयात में कमी लाने के लिए सुनियोजित तरीके से काम करने पर ज़ोर दिया।

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंत्योदय संबल पखवाड़े को पात्र वंचितों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला बताया।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ब्राजील के रियो डी जेनेरो में वैश्विक स्वास्थ्य सत्र को संबोधित करेंगे।

- पूर्वी राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में अगले पांच–छह दिनों तक मॉनसून सक्रिय रहने से कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना।

-----------------

केन्द्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा है कि राजस्थान में लीथियम ब्लॉक्स को चिन्हित किया गया है। जल्द ही इनकी नीलामी कर खनन का काम शुरू किया जाएगा। श्री रेड्डी आज जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित खान मंत्रालय के रेटिंग पुरस्कार समारोह को संबोधित करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें क्रिटिकल मिनरल्स के आयात में कमी लाने के लिए काम करना होगा।

-----------------

समारोह में श्री रेड्डी ने कहा कि खनन क्षेत्र की विकास और रोजगार सृजन में बड़ी भूमिका है। समावेशी खनन के लिए इस क्षेत्र को सुनियोजित करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही खनन श्रमिकों की सुरक्षा और कल्याण पर भी समुचित ध्यान दिया जाना चाहिए।

-----------------

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार खनन और पर्यावरण के बीच संतुलन पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि राज्य में खनन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 82 प्रकार के धात्विक और अधात्विक खनिज हैं। इनमें से 57 तरह के खनिजों का दोहन किया जा रहा है। उन्होंने राज्य की खनिज संपदा के व्यापक प्रचार–प्रसार पर जोर दिया।

-----------------

समारोह में फाइव स्टार रेटिंग वाली 95 खदानों और सेवन स्टार रेटिंग वाली तीन खदानों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री श्री शर्मा और केंद्रीय कोयला और खान मंत्री ने खान विभाग की समीक्षा बैठक भी की।

मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक में नीलाम ब्लॉक्स में खनन कार्य जल्द शुरू करने और नये खनिज ब्लॉक्स की पहचान सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

-----------------

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। राजभवन में हुई इस भेंट में मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने राज्यपाल से प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

-----------------

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा के सांगोद विधानसभा क्षेत्र में सुपोषित मां अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के तहत इस क्षेत्र की करीब डेढ़ हजार गर्भवती महिलाओं को पोषण किट बांटे जाएंगे। लोकसभा अध्यक्ष की पहल से प्रेरित होकर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने अपने विधानसभा क्षेत्र सांगोद में ये अभियान शुरू किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़े के तहत लगाये गये शिविर से ही इसकी शुरूआत की गई। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि समाज के अंतिम छोर के पात्र वंचितों के जीवन में बदलाव लाने के लिए ही सम्बल पखवाड़ा चलाया जा रहा है।

-----------------

कार्यक्रम में मख्यमंत्री श्री शर्मा भी मौजूद रहे। इस दौरान 92 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया गया।

-----------------

भरतपुर में आज सम्बल पखवाड़े के तहत तीन सौ परिवारों को मकान के पट्टे दिये गये। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बीडीए सभागार में हुए कार्यक्रम में कच्चा परकोटा क्षेत्र के लोगों को ये पट्टे सौंपे। पट्टे मिलने पर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

-----------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ब्राजील के रियो डी जेनेरो में वैश्विक स्वास्थ्य सत्र को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा–रोधी बुनियादी ढांचा और जैव ईंधन गठबंधन तथा बिग कैट मिशन पर भी चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान कल ब्राजील में चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इनमें आतंकवाद से निपटने के लिए मिलकर काम करना, गोपनीय सूचनाओं का आदान–प्रदान करना और नवीकरणीय ऊर्जा तथा कृषि अनुसंधान में सहयोग शामिल हैं। इससे पहले, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान एक संवाद सत्र में श्री मोदी ने कहा कि किसी भी देश को महत्वपूर्ण खनिजों, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखलाओं का अपने स्वार्थ के लिए हथियार के रूप में उपयोग नहीं करना चाहिए।
उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अधिक सहयोग के साथ सप्लाई चेन को सुरक्षित और लचीला बनाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में लोगों की प्रगति और कल्याण काफी हद तक प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई पर निर्भर है। उन्होंने एआई का प्रयोग जिम्मेदारी से करने पर जोर दिया।

-----------------

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश में मक्का की खेती को बढ़ावा देने के लिए बहु–हितधारक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। श्री चौहान आज नई दिल्ली में फिक्की के 11वें **भारत मक्का शिखर सम्मेलन** को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके लिए वैज्ञानिकों, किसानों, कृषि विश्वविद्यालयों और उद्योगों को मिलकर काम करना चाहिए।

-----------------

समारोह में श्री चौहान ने मक्का की खेती में योगदान के लिए किसानों को सम्मानित भी किया। कृषि मंत्री ने एक राष्ट्र, एक कृषि के विचार के साथ एक टीम बनाने पर जोर दिया।

-----------------

देश के प्रत्येक नागरिक तक बैंकिंग सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। वित्तीय समावेशन और संतृप्ति के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग की ओर से एक जुलाई से शुरू हुआ ये अभियान तीस सितम्बर तक चलेगा। संतृप्ति अभियान के बारे में जानकारी देने के लिए आज जयपुर में प्रेस वार्ता रखी गई।

इस दौरान पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने अभियान के तहत की जा रही वित्तीय समावेशन की गतिविधियों और कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रेस वार्ता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति–एसएलबीसी के संयोजक और बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक एम अनिल ने बताया कि अभियान के तहत प्रधानमंत्री जनधन योजना के निष्क्रिय खातों का पुनः सत्यापन भी किया जा रहा है।

-----------------

राज्य में पर्यटन और रोजगार की नई संभावनाओं को तलाशने के लिए सरकार कई कदम उठा रही है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थलों को क्षेत्रीय हवाई सम्पर्क योजना में शामिल करने का प्रस्ताव केन्द्र को भेजा गया है।

-----------------

पूर्वी राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में अगले 5–6 दिन तक मॉनसून के सक्रिय रहने से भरतपुर, जयपुर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने कोटा और उदयपुर संभाग में अगले तीन दिनों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई है। जोधपुर संभाग में बारिश की गतिविधियों में कमी होने के आसार हैं। हालांकि बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। इस बीच, श्रीगंगानगर और झालावाड़ में आज हल्की बरसात हुई। वहीं भीलवाडा में दिनभर ठंडी हवाओं का दौर चला।

-----------------